JALAUN POLICE

दिनांक - 26.03.2026

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण अभियान के क्रम में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 एवं अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में जनपद जालौन पुलिस द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं को निरन्तर जागरूक कर सशक्त किया जा रहा है।

आज दिनांक 26.03.2026 को माननीय जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जालौन की अगुवाई में मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस लाईन उरई से टॉउन हॉल तक महिला सुरक्षा की जागरूकता हेतु "Run For Empowerment" की रैली का आयोजन किया गया।

माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर पुलिस लाईन से रवाना किया। रैली में महिला पुलिस कर्मी के साथ–साथ शिक्षा विभाग, स्कूली छात्राओं व एन.जी.ओ. की नारी शक्ति द्वारा प्रतिभाग किया गया है। रैली का उद्देश्य है कि महिलायें/बालिकायें किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ अथवा साइबर अपराध की शिकार होती हैं तो तत्काल शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके साथ ही उन्हें आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी भागीदारी निभाने और शिक्षा एवं रोजगार में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर किया गया उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य तथा असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं इसके साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 के विषय में जानकारी दी गयी।

पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के सम्बन्ध में लगातार ब्रीफ कर नेतृत्तव किया जा रहा है ।

रैली का सफल आयोजन हेतु पुलिस द्वारा सुरक्षा, एम्बुलेन्स/ प्राथमिक उपचार, पेयजल व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं के लिये एक स्वतंत्र भयमुक्त वातावरण स्थापना करना तथा उनको सशक्त कर आगे बढने हेतु प्रेरित करना।

जालौन पुलिस का मिशन शक्ति अभियान लगातार जारी है।

जालौन पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु 24*7 प्रतिबद्ध है।